**उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड**
**परीक्षा – मार्च, 2015–2016**
**अंक योजना हिन्दी 'केन्द्रिक'**
**कक्षा – XII**

कूटबंध – 2/1
2/2
2/3

<table>
<tr><th rowspan="2">प्रश्न सं.</th><th colspan="3">प्रश्न पत्र गुच्छ सं.</th><th rowspan="2">उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु</th><th rowspan="2">निर्धारित अंक विभाजन</th></tr>
<tr><th>2/1/</th><th>2/2/</th><th>2/3/</th></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td><u>खंड – 'क'</u></td><td></td></tr>
<tr><td>1.</td><td>1.</td><td>2.</td><td>1.</td><td>अपठित गद्यांश के प्रश्नों के उत्तर–</td><td>15 अंक</td></tr>
<tr><td></td><td>क</td><td>क</td><td>क</td><td>• संवाद का महत्व।<br>• संवाद की अनन्त संभावना।<br>• संवाद – सफलता का मूल मंत्र।<br>• संवाद कौशल।<br>(अन्य उपयुक्त शीर्षक भी स्वीकारें।)</td><td>1</td></tr>
<tr><td></td><td>ख</td><td>ख</td><td>ख</td><td>• परस्पर बोलचाल न होना/वार्तालाप का अभाव।<br>• मौन भागीदार संवाद में चुपचाप शामिल होता है, संवाद को चुप रह कर सुनता है लेकिन संवादहीनता में संवाद स्थापित ही नहीं हो पाता।</td><td>1+1=2</td></tr>
<tr><td></td><td>ग</td><td>ग</td><td>ग</td><td>• संवाद की आत्मा – संवाद का मूल मंत्र या उद्देश्य।<br>• बात को धैर्य पूर्वक सुने बिना, समझे बिना बोलने की उतावली/शीघ्रता</td><td></td></tr>
</table>

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1/ | 2/2/ | 2/3/ | | |
| | | | | संवाद की गंभीरता को नष्ट कर देती है। | 1+1=2 |
| | घ | घ | घ | • अच्छे श्रोता के रूप में।<br>• वक्ता का मन हल्का होता है।<br>• आत्मीयता प्रकट होती है।<br>( कोई दो बिंदु अपेक्षित।) | 1+1=2 |
| | ङ | ङ | ङ | • धैर्यवान होना।<br>• मन से जुड़ना।<br>• दूसरों के अनुभवों का लाभ मिलना।<br>• आत्मीयता।<br>( कोई दो बिंदु अपेक्षित।) | 1+1=2 |
| | च | च | च | • अधीरता।<br>• बीच में बात काटना।<br>• समाधान सुझाने का उतावलापन।<br>• सजगता का अभाव।<br>( कोई दो बिंदु अपेक्षित।) | 1+1=2 |
| | छ | छ | छ | • दुख–दर्द को सार्वजनिक करने का लाभ नहीं होता।<br>• दूसरे की समस्या सुन कर लोग हँसते हैं।<br>• दूसरे की परेशानी सुन कर मजाक बनाते हैं, उसे कम नहीं करते। | |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत / मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1/ | 2/2/ | 2/3/ | | |
| | | | | ( कोई दो बिंदु अपेक्षित।) | 1+1=2 |
| | ज | ज | ज | • संवाद की अनन्त संभावनाओं को समझाने के लिए।<br>• प्रकृति एवं पशु–पक्षियों से भी संवाद संभव। | 2 |
| 2. | 2. | 1. | 2. | **अपठित काव्यांश के प्रश्नों के उत्तर–** | 1x5=5 |
| | क | क | क | • झील।<br>• जल के अभाव में। | ½+½=1 |
| | ख | ख | ख | • जल से भरी।<br>• हरे–भरे, पेड़–पौधों वाले घाटों वाली।<br>• पक्षियों के कलरव से गुंजित।<br>• स्त्री पुरुषों के आवागमन से गुलजार।<br>( कोई दो बिंदु अपेक्षित।) | ½+½=1 |
| | ग | ग | ग | • पानी के अभाव में सूखे पेड़–पौधों के कारण।<br>• हरे–भरे पेड़–पौधे न दिख पाने का। | ½+½=1 |
| | घ | घ | घ | • शहरी–नागरिक व्यापारी।<br>• मिट्‌टी आदि संसाधनों को बेच कर धनार्जन। | ½+½=1 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत / मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1/ | 2/2/ | 2/3/ | | |
| | ङ | ङ | ङ | • जल के अभाव में जलाधारित दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति न हो पाने के कारण। | 1 |
| | | | | **खंड – 'ख'** | |
| 3. | 3. | 3. | 3. | **किसी एक विषय पर निबंध अपेक्षित :**<br>• प्रस्तावना / भूमिका और उपसंहार 1<br>• विषय–वस्तु 3<br>(किन्हीं तीन बिंदुओं का विवेचन)<br>• भाषा की शुद्धता एवं प्रस्तुति 1 | 5 |
| **4.** | 4. | 4. | 4. | **पत्र–लेखन :**<br>• आरंभ और अंत की औपचारिकताएँ 1<br>• प्रभावी विषय–वस्तु 3<br>• भाषा की शुद्धता, प्रवाह एवं लेख 1 | 5 |
| 5. | 5. | 6. | 5. | **संक्षिप्त उत्तर –** | 1x5=5 |
| | क | क | क | • यथास्थिति का वर्णन।<br>• लाईव टेलीकास्ट की सुविधा।<br>• तुरन्त एवं रोचक प्रस्तुति।<br>• सभी को सुलभता।<br>(कोई दो बिन्दु अपेक्षित।) | ½+½=1 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1/ | 2/2/ | 2/3/ | | |
| | ख | ख | ख | • संपादकीय लेखन।<br>• समाचारों का संपादन। | ½+½=1 |
| | ग | ग | ग | • समसामयिक घटनाओं के विश्लेषण द्वारा जन–चेतना लाना। | 1 |
| | घ | घ | घ | • त्रुटि रहित शुद्ध भाषा।<br>• सरल और स्पष्ट भाषा का प्रयोग। | ½+½=1 |
| | ङ | ङ | ङ | • अन्य तीन स्तंभों पर नज़र।<br>• जन सामान्य को जागरूक करना। | ½+½=1 |
| 6. | 6. | 7. | 6. | किसी एक **फीचर** का लेखन–<br>• प्रभावी विषय – वस्तु 2<br>• प्रस्तुति 2<br>• भाषा की शुद्धता 1 | 5 |
| 7. | 7. | 5. | 7. | किसी एक **आलेख** का लेखन–<br>• प्रभावी विषय – वस्तु 2<br>• प्रस्तुति 2<br>• भाषा की शुद्धता 1 | 5 |
| | | | | **<u>खंड – 'ग'</u>** | |
| 8. | 8. | 10. | 8. | **पठित काव्यांश पर आधारित प्रश्न–** | 2x4=8 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1/ | 2/2/ | 2/3/ | | |
| | क | क | क | • अपने प्रिय पात्र (तुम्हें) को भूल जाना। | 2 |
| | ख | ख | ख | • दक्षिण ध्रुवी, दीर्घकालीन अंधकार।<br>• जिस प्रकार दक्षिण ध्रुव पर उजाला नहीं होता, वैसे ही कवि के हृदय में प्रिये के भूलने पर अंधकार। | 2 |
| | ग | ग | ग | • प्रिय पात्र का प्रेम और सामीप्य।<br>• यह अति निकटता, प्यार का संबंध निरन्तर होने से वह ऊब गया है, उससे मुक्ति चाहता है।<br>• प्रिया से वियुक्त हो कर ही कर्म पथ पर अग्रसर होने की आकांक्षा। | 2 |
| | घ | घ | घ | • 'तुम' कवि की प्रिया/प्रेरणा पात्र है।<br>• कविता में प्रेम पात्र से कवि की निकटता।<br>(प्रेम आदि का उल्लेख होने से अन्य उत्तर भी संभव।)<br>**अथवा** | 2 |
| | क | क | क | • बात का निरर्थक होना/प्रभावहीन होना।<br>• मूल भाव एवं सौंदर्य नष्ट होना। | 2 |
| | ख | ख | ख | • अप्रासंगिक, अनुपयुक्त बात बार–बार करते रहना।<br>• प्रशंसा और वाहवाही पाने के लिए। | 2 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1/ | 2/2/ | 2/3/ | | |
| | ग | ग | ग | • बात की अभिव्यक्ति का माध्यम भाषा।<br>• भाषा प्रस्तुति में स्पष्टता, सरलता एवं अर्थवत्ता आवश्यक। | 2 |
| | घ | घ | घ | • प्रभावहीन हो जाएगी।<br>• अर्थहीन हो जाएगी। | 2 |
| 9. | 9. | 8. | 9. | **पठित काव्यांश पर आधारित उत्तर–** | 2x3=6 |
| | क | क | क | • छंद – सोरठा<br>• अवधी लोक भाषा होने के कारण सुबोधता।<br>• अलंकारिकता।<br>(भाषा की कोई एक विशेषता) | 1+1=2 |
| | ख | ख | ख | • लक्ष्मण की मूर्च्छा।<br>• श्री राम का करुण विलाप।<br>• हनुमान द्वारा संजीवनी बूटी लाने में देरी होना। | 1+1=2 |
| | ग | ग | ग | • उत्प्रेक्षा अलंकार।<br>• करुण रस में वीर रस की उपस्थिति।<br>• सुन्दर कल्पना। | 1+1=2 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1/ | 2/2/ | 2/3/ | | |
| | | | | **अथवा** | |
| | क | क | क | • साँझ तेजस्विनी श्वेत–नारी रूप में प्रस्तुत।<br>• कजरारे बादलों का प्रतिबिम्ब मानवीय प्रतिच्छायाओं का प्रतिबिम्ब। | 1+1=2 |
| | ख | ख | ख | • कजरारे, साँझ, हौले–हौले जैसे सरल सुबोध शब्दों का प्रयोग।<br>• प्रवाहपूर्ण खड़ी बोली।<br>• प्रतीकात्मकता।<br>(कोई अन्य उपयुक्त उत्तर भी अपेक्षित।) | 1+1=2 |
| | ग | ग | ग | • आकाश में काले बादलों का छाया बिंब – दृश्य बिंब।<br>• तैरती साँझ का सौन्दर्य – दृश्य बिंब। | 1+1=2 |
| 10. | 10. | 9. | 10. | **किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर–** | 3+3=6 |
| | क | क | क | • तुलसीदास ने अपने युग की विषमताओं, गरीबी, बेरोजगारी इत्यादि का वर्णन किया है।<br>• किसान, भिक्षुक, नौकर–चाकर, भाट, नट चोर इत्यादि सभी जीविका विहीन।<br>• दरिद्रता और बेरोजगारी के कारण समाज में अशांति। पेट की आग बुझाने के लिए लोग अपने बच्चों को बेचने पर मजबूर। | 1+1+1=3 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1/ | 2/2/ | 2/3/ | | |
| | ख | ख | ख | • पहले 'और' में कवि स्वयं को आम व्यक्ति से भिन्न बताता है।<br>• दूसरे 'और' द्वारा वह अपना और विश्व का संबंध प्रतिपादित करता है।<br>• तीसरे 'और' द्वारा कवि अपने स्वभाव से शेष संसार के स्वभाव की भिन्नता प्रकट करता है। | 1+1+1=3 |
| | ग | ग | ग | • राख से लीपा हुआ गीला चौका, काली सिल पर बिखरा लाल केसर।<br>• नीला जल, गोरी युवती की मखमली देह आदि उपमाओं द्वारा गाँव के सूर्योदय के सौंदर्य का जीवंत चित्रण। | 3 |
| 11. | 11. | 11. | 11. | **पठित गद्यांश पर आधारित उत्तर–** | 2x4=8 |
| | क | क | क | • महादेवी चाह कर भी उसे नहीं निकाल पातीं, और निकाले जाने का आदेश पा कर भी भक्तिन नहीं जाती थी। दोनों के बीच भावनात्मक संबंध। | 2 |
| | ख | ख | ख | • प्रकाश और अंधकार जीवन का अभिन्न अंग।<br>• प्रकाश अंधकार का संबंध स्वाभाविक है इसके बिना जीवन की कल्पना नहीं।<br>• भक्तिन और महादेवी भी एक दूसरे के बिना अपने जीवन की कल्पना नहीं कर पातीं। | 1+1=2 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1/ | 2/2/ | 2/3/ | | |
| | ग | ग | ग | • भक्तिन तर्कपटु है। प्रत्येक कार्य का औचित्य ठहरा देती है।<br>• महादेवी जी अत्यंत उदार, मानवतावादी और सहिष्णु थीं। | 2 |
| | घ | घ | घ | • प्रकाश अंधकार या गुलाब आम का सा भक्तिन का स्वतंत्र व्यक्तित्व।<br>• उसका व्यक्तित्व अपने वास्तविक रूप में महादेवी जी के जीवन को घेरे हुए। | 1+1=2 |
| | | | | **अथवा** | |
| | क | क | क | • सफिया द्वारा सिख बीबी से लाहौरी नमक लाने का वायदा।<br>• लाहौर से नमक लाने या न लाने का द्वंद्व।<br>• कस्टम अफसर द्वारा प्रेम और सम्मानपूर्वक नमक ले जाने की अनुमति।<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | ख | ख | ख | • विभाजन के पश्चात भी जन्मभूमि से प्रत्येक व्यक्ति को लगाव होता है।<br>• कस्टम अफसर चाहे पाकिस्तान में रहने लगे। नौकरी करने लगे किंतु दिल से वह आज भी अपना वतन देहली को ही मानते हैं। | 1+1=2 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1/ | 2/2/ | 2/3/ | | |
| | | | | (किन्हीं दो का विवेचन अपेक्षित) | |
| | ग | ग | ग | समय बीतने के साथ सब घाव या बुरी स्मृतियाँ धीरे–धीरे समाप्त हो जाती हैं –<br>पक्ष–<br>• हाँ, वक्त के साथ–साथ भारत–पाकिस्तान की कटु स्मृतियाँ समाप्त हो जाएगी।<br>• व्यक्ति परिस्थितियों से समझौता करके जीवन की नई शुरुआत करता है और कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखता।<br>(अन्य बिंदु भी स्वीकार्य।)<br>विपक्ष–<br>• बेशक समय बीत जाता है लेकिन मन के घाव, चोटें, विस्थापन आदि का दर्द या किसी भी प्रकार के नुकसान की क्षति पूर्ति संभव नहीं होती।<br>• समय के साथ–साथ कटुता, दर्द आदि भी बढ़ते जाते हैं और मौका पा कर आतंक, दंगों या किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों के रूप में उभर जाते हैं।<br>(पक्ष या विपक्ष में दो तर्क अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | घ | घ | घ | • लेखिका की बात सुन कर कस्टम अधिकारी भावुक हो उठा। | |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1/ | 2/2/ | 2/3/ | | |
| | | | | • उसके हृदय में देश प्रेम जाग उठा।<br>• भावनाओं के समक्ष राजनीतिक निर्णय कमज़ोर पड़ जाते हैं। | 2 |
| 12. | 12. | | | **किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित–** | 3x4=12 |
| | क | – | – | • शिरीष वृक्ष को।<br>• शिरीष तपन और लू के बीच विपरीत परिस्थितियों में भी सरस जीवंत हो कर भी फलता है।<br>• अवधूत जिस प्रकार मस्त, फक्कड़, अनासक्त होते हैं, वैसे ही शिरीष भी अनासक्त भाव से फलता–फूलता है और सुंदरता से सबका मन मोह लेता है। | 3 |
| | ख | – | – | • परम्परा से श्रम–विभाजन के आधार पर ही जाति–विभाजन।<br>• जाति प्रथा श्रम के साथ श्रमिक विभाजन भी करती है।<br>• अस्वाभाविक विभाजन सभ्य समाज में ऊँच–नीच की भावना आती है। | 3 |
| | ग | – | – | • राजा साहब ने उसे सहारा दिया क्योंकि उसने चाँद नामक पहलवान को हराया और देश के सम्मान की रक्षा की।<br>• राजा की मृत्यु के पश्चात विलायत से लौटे राजकुमार ने पहलवान लुट्टन को दरबार से निकाल दिया। | |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1/ | 2/2/ | 2/3/ | | |
| | | | | • उसके पास जीवन यापन का कोई अन्य सहारा नहीं था। | 3 |
| | घ | – | – | • जीजी ने पानी बिखेरने की बात को लेकर कहा था – 'कुछ पाने के लिए कुछ देना पड़ता है।' किसान जब पाँच–छह सेर गेहूँ बोता है तब तीस–चालीस मन गेहूँ उगता है।<br>• मैं इस तर्क से सहमत हूँ। प्रकृति का चक्र इसी आधार पर चलता है। मानव प्रकृति से एक हाथ लेता है और दूसरे हाथ देता है। यदि ऐसा न करे तो अव्यवस्था उत्पन्न हो जाए।<br>• सहमत नहीं। आज के वैज्ञानिक युग में यह सब अंधविश्वास और ढकोसला है।<br><br>(परीक्षार्थी के विचार सहमति/असहमति अथवा दोनों पहलुओं की समीक्षा के हो सकते हैं।) | 3 |
| | ङ | – | – | पैसे की व्यंग्य–शक्ति का तात्पर्य है–<br>• अनावश्यक खरीदारी जिसका उद्देश्य केवल दिखावा और दंभ प्रकट करना हो।<br>• आवश्यकता से अधिक खरीददारी<br>• जिससे कि दिखावा किया जा सके और दूसरों को प्रभावित किया जा सके।<br>• अपने धनवान और समर्थ होने का झूठा दिखावा। | 3 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1/ | 2/2/ | 2/3/ | | |
| | | 12. | | | |
| | — | क | — | • जीवन में भौतिक आवश्यकताओं को सीमित रखने की।<br>• संतुष्ट रहने की।<br>• बाजार के आकर्षण से मुक्त/निस्पृह रहने की। | 3 |
| | — | ख | — | • जीजी का कहना था कि कुछ पाने के लिए त्याग करना पड़ता है जबकि लेखक का मानना था कि इंदर सेना पर पानी फेंकना अंधविश्वास है।<br>• जीजी की सोच धर्म और लोक परंपराओं से अनुप्राणित जबकि लेखक आधुनिक और वैज्ञानिक।<br>• जीजी भावुक और कोमल हृदय थी जबकि लेखक व्यावहारिक और तार्किक। | 1+1+1=3 |
| | — | ग | — | • लोक कलाएं किसी भी देश की सांस्कृतिक विरासत एवं समृद्धि की सूचक।<br>• किसी भी राष्ट्र की विशिष्ट पहचान।<br>• जीवन में उत्साह उमंग और खुशी के रंग भर देती है।<br><br>(अन्य तर्क भी स्वीकार्य।) | 1+1+1=3 |
| | — | घ | — | • हास्य की नई दुनिया रची। चार्ली ने लोगों को अपने ऊपर हँसना सिखाया। | |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत / मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1/ | 2/2/ | 2/3/ | | |
| | | | | • चार्ली का जीवन संघर्षमय। कभी हार नहीं मानी।<br>• परिस्थितियों का डट कर मुकाबला किया।<br>• चार्ली हँसमुख, सुलझे हुए, करुण हृदय और आशावादी थे।<br><br>(अन्य विशेषताएँ भी स्वीकार्य।) | 1+1+1=3 |
| | — | ङ | — | • कालजयी अवधूत के समान मस्त, बेफ्रिक, अनासक्त जीवन।<br>• विपरीत परिस्थितियों में भी हिम्मत न हारने, डट कर मुकाबला करने, और जीवन का आनंद लेने की प्रेरणा।<br>• अपने अस्तित्व से दूसरों का जीवन सरल, सुगम और आनंदमय बनाएँ।<br><br>(अन्य विचार बिंदु भी स्वीकार्य।) | 3 |
| | — | — | 12. क | • कन्या जननी की उपेक्षा और तिरस्कार, पुत्रवती माता अपना अधिकार समझती है।<br>• भक्तिन ने एक के बाद एक तीन पुत्रियों को जन्म दिया।<br>• अतः सास और जेठानियाँ मुँह बिचका कर उसकी उपेक्षा करती हैं।<br><br>(अन्य उपयुक्त तर्क भी स्वीकार्य।) | 3 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1/ | 2/2/ | 2/3/ | | |
| | – | – | ख | • आदर्श समाज में स्वतंत्रता और समता होनी चाहिए। यही भ्रातृता है।<br>• समाज में सबको सम भाग प्राप्त हो।<br>• किसी भी वांछित परिवर्तन का लाभ सभी को तुरंत मिलना चाहिए।<br>• सभी को सामाजिक संघर्ष के साधन और अवसर सुलभ होने चाहिए।<br>• भ्रातृता दूध–पानी के मिश्रण जैसी होनी चाहिए।<br>• सभी लोगों में एक दूसरे के प्रति श्रद्धा, प्रेम और सम्मान का भाव होना चाहिए।<br>• भ्रातृता द्वारा हर 'लोकतंत्र' की अवधारणा पूर्ण होगी।<br>• सही अर्थों में लोकतंत्र की साधना भ्रातृता के पश्चात ही संभव।<br><br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित।) | 3 |
| | – | – | ग | • विपरीत परिस्थितियों में जो संघर्ष करता है, जीवन रस से परिपूर्ण होता है, हर स्थिति में जड़ता का, मायूसी का परित्याग करता है वही गतिशील होता है।<br>• भौतिक मोह–माया से अनासक्त असंपृक्त रह कर जो जीवन–पथ पर अग्रसर होता हैं, वे कभी जड़ नहीं हो सकते, निरंतर प्रगतिशील ही होंगे, उर्ध्वमुखी होंगे। | |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1/ | 2/2/ | 2/3/ | | |
| | | | | • मस्त, फक्कड़ और सरस शिरीष एवं गांधी जैसे लोग ही जड़ता का परित्याग कर गतिशील एवं जीवंत होते हैं।<br><br>(अन्य बिंदु भी संभव।) | 3 |
| | – | – | घ | • एक ज़मीन, एक ज़बान, एक सी सूरतें और लिबास, एक सा अंदाज, गालियाँ भी एक सी होने के उपरांत भी भारत–पाक की जनता आरोपित भेदभावों को सहने के लिए विवश थी<br><br>जबकि वास्तविकता यह थी कि मानचित्र पर बनावटी लकीर खींच देने से देश तो बँट गए किंतु भावनाएँ नहीं।<br>• जनता पर थोपा गया विभाजन आरोपित तथा कृत्रिम है। प्यार किसी भी प्रकार का बंधन स्वीकार नहीं करता।<br>• प्यार के सम्मुख कानून निष्प्रभावी होता है। भावनाएँ और प्यार राजीतिक निर्णयों को नकार देते हैं।<br><br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित।) | 3 |
| | – | – | ङ | • महामारी फैल जाने पर उससे निपटने की व्यवस्था का अभाव।<br>• लोग मरने के लिए अभिशप्त। डॉक्टर, वैद्य, दवाओं आदि की कोई सहायता | |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1/ | 2/2/ | 2/3/ | | |
| | | | | नहीं।<br>• ऐसे में एकमात्र सहारा पहलवान की ढोलक मरघटी सन्नाटे को तोड़ कर मरते समय भी उनमें जीवन शक्ति का संचार करती है। | 3 |
| 13. | 13. | 13. | 13. | • बालक को जन्म देना या न देना महिलाओं का अधिकार।<br>• उनका सम्मान सैनिकों की भाँति होना चाहिए।<br>• उनके अधिकारों का हनन नहीं होना चाहिए।<br>• महिलाओं ने अपनी ही नादानी के कारण उपेक्षा, कष्ट एवं असम्मान को सहन किया है।<br>• शिक्षित समाज में स्त्रियों की स्थिति पुरुषों से अच्छी है।<br>• औरत ही मानव जाति की निरन्तरता बनाए रखती है।<br>• नारी त्याग एवं ममता की मूर्ति है।<br>• वह कर्मशील रह कर अपनी सन्तान के लिए सर्वस्व दाँव पर लगा देती है।<br>(किन्हीं पाँच बिंदुओं की समीक्षा।) | 5 |
| 14. | 14. | | | **किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित–** | 5+5=10 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1/ | 2/2/ | 2/3/ | | |
| | क | – | – | • सिंधु सभ्यता साधन–सम्पन्न थी।<br>• सुनियोजित नगर।<br>• पानी की अच्छी व्यवस्था।<br>• सड़कें छोटी, चौड़ी लेकिन साफ–सुथरी।<br>• ताँबे, कांसे एवं मृदा के बने कलात्मक बर्तन।<br>• चौपड़ की गोटियाँ, ताँबे का दर्पण, कंघी, मनके का हार, सोने के गहने, सम्पन्नता सुरुचि के सूचक।<br>• कृषि, अन्न भंडार, बैलों एवं बैलगाड़ी के अवशेष।<br>• उनके मकान, गृहस्थी की सभी सुख–सुविधाओं से सम्पन्न स्वच्छ एंव सुरुचिपूर्ण, कलात्मक, सौंदयपूर्ण।<br><br><u>इतना सब होने के बाद भी</u><br><br>• भव्यता का, आडम्बर का, भव्य प्रासादों, मंदिरों का अभाव।<br>• मूर्ति शिल्प हेतु और छोटे औजारों की उपलब्धता।<br>• मकान छोटे–छोटे, कमरे भी छोटे–छोटे।<br>• राजाओं के मुकुट भी छोटे।<br>• नावें भी छोटी।<br>• प्रभुता या दिखावे के उपकरण कहीं दिखाई नहीं देते। | 5 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1/ | 2/2/ | 2/3/ | | |
| | | | | अतः सभ्यता साधन–सम्पन्न, कलात्मक एवं सुरुचिपूर्ण तो थी लेकिन आडम्बरयुक्त नहीं।<br><br>(कोई पाँच बिंदु अपेक्षित।) | |
| | ख<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>. | क | ख | **पक्ष–**<br>• ग्रामीण एवं नगरीय परिवेश की तुलना करते समय बहुधा वे द्वंद्वात्मक मनःस्थिति के होते हैं।<br>• नए और पुराने के बीच संतुलन नहीं बिठा पाने का संघर्ष।<br>• उनके संस्कार और आदर्श वर्तमान शैली से मेल नहीं खाते।<br><br>**विपक्ष–**<br>• वे सिद्धांतवादी थे। सारा जीवन उन्हीं पर चलते रहे।<br>• आधुनिक जीवन–शैली को अपने पर हावी नहीं होने देते।<br>• उन्होंने कभी झूठ नहीं बोला। समय के पाबंद रहें।<br>• वे सादगी पसंद थे और जीवन भर उसका पालन भी किया।<br>• पैसे को कभी महत्व नहीं दिया। ईमानदारी की कमाई से संतुष्ट रहे। | 5 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1/ | 2/2/ | 2/3/ | | |
| | | | | (पक्ष या विपक्ष किसी एक का तर्क सम्मत उत्तर अपेक्षित। अन्य बिंदु भी संभव।) | |
| | – | ख | – | • **जूझ** अर्थात संघर्ष<br>• जीवन में प्रत्येक उपलब्धि नायक को जूझने के बाद ही मिली।<br>• नायक का पाठशाला जाने का संघर्ष।<br>• कक्षा में छात्रों के साथ सामंजस्य बिठाने का संघर्ष।<br>• कविता लेखन हेतु संघर्ष।<br>• पिता द्वारा खेतों आदि के काम में झोंक दिए जाने पर अध्ययन करने हेतु संघर्ष।<br><br>(अन्य विचार बिंदु भी स्वीकार्य।) | 5 |
| | – | – | क | • सरल, सादगी पसन्द, सत्यवादी, सन्तुष्ट, ईमानदार।<br>• कर्मठ, समय के पाबन्द, कार्यालय के अन्य साथियों से अच्छे सम्बन्ध।<br>• परम्परावादी, पुराने जीवन–मूल्यों में विश्वास करने वाले, धार्मिक मनोवृत्ति वाले।<br>• आधुनिक जीवन–शैली एवं परिवेश में समायोजित नहीं हो पाते।<br>• आधुनिक चकाचौंध से अप्रभावित।<br>(अन्य विचार बिंदु भी संभव।) | 5 |